# S.S.C. PUBLIC EXAMINATIONS, MARCH-2025

## SECOND LANGUAGE - HINDI

## Principles of Valuation (जाँच के नियम)

---

**सामान्य निर्देश :**

1. मूलायांकन करने से पहले पूरा प्रश्नपत्र ध्यान से पढ़ें ।
2. निष्पक्ष भाव से मूल्यांकन करें ।
3. उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच हेतु केवल लाल स्याही का ही प्रयोग करें ।
4. प्रश्नों के योगांक और पृष्ठों के योगांक अक्षरों में भी लिखें ।
5. प्रश्नों के लिए प्राप्तांक उत्तर - पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्धारित जगह पर प्रश्न की क्रमसंख्या के सामने लिखें ।
6. छात्रों के कुल प्राप्तांक जोड़ने के बाद यदि योगांक ½ आए तो ½ अंक जोड़कर पूरा अंक प्रदान करें ।
7. गलतियों को और उत्तर की अपूर्णता को रेखांकित करें ।
8. बारह गलतियों के लिए एक (1) अंक काटें । गलतियों के लिए काटे जाने वाले अंक 25% से अधिक न हो ।
9. अतिरिक्त उत्तर लिखने पर उसे भी जाँचें । अधिक अंक वाले उत्तर स्वीकार करें । कम अंकवाले उत्तर पर 'अतिरिक्त' लिखें ।
10. स्पष्टता, मौलिकता और रचनात्मकता को प्रमुखता दें ।
11. विषय से संबंधित अतिरिक्त जानकारी देने पर भी अंक प्रदान करें ।
12. मूल्यांकन करने से पहले अंक योजना और मुख्य परीक्षक की सूचनाओं पर ध्यान दें । उत्तर पूर्णतया पढ़कर ही अंक प्रदान करें ।

## भाग - I

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** **(12 × 1 = 12)**

1) रात्रि
2) गाए
3) 1964
4) की
5) द्वंद्व समास
6) युवा + अवस्था / युवन् + अवस्था
7) नीर
8) बे
9) ता
10) वे मराठी की लेखिका थीं ।
11) अंग्रेज व्यापारी के भेष में आए थे ।
12) गौरी विद्यालय जाती है ।

## भाग - II

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।**

**13. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए :** **(5 × 1 = 5)**

अ) तताँरा - वामीरो एक दूसरे को **निर्निमेष** ताकते रहते ।

आ) **लपाती के कुछ युवकों ने** इस मूक प्रेम को भाँप लिया ।

इ) वामीरो **लपाती** ग्राम की थी ।

ई) तताँरा **पासा** ग्राम का था ।

उ) **तताँरा - वामीरो कथा**

**14. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए :** **(5 × 1 = 5)**

अ) कंपनी बाग में सैलानी **सुबह - शाम** आते हैं ।

आ) सैलानियों से **तोप** बातें कर रही है ।

इ) तोप अपने आप को **बडी जबर** मानती है ।

ई) **तोप ने** अच्छे - अच्छे सूरमाओं के धज्जे उडाए ।

उ) **वीरेन डंगवाल**

**15. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

**(5 × 1 = 5)**

अ) A - पाँच बजे

आ) B - बड़ों का

इ) C - पाठशाला

ई) D - अच्छे बच्चे

उ) A - गुरुओं का

**16. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

**(5 × 1 = 5)**

अ) A - सत्तावन में

आ) B - पुरानी

इ) C - कहानी

ई) D - हरबोलों के

उ) A - झाँसी की रानी

# भाग - III

**III. 17. निम्न लिखित कवियों में किसी एक का परिचय पाँच पंक्तियों में लिखिए ।**

**(1 × 5 = 5)**

**अ) कबीर दास :**

i) कवि का नाम : कबीर दास

ii) जीवन काल : सन् 1398 - 1518

iii) विशेषता : ✦ कबीर ज्ञानमार्गी शाखा के प्रमुख कवि माने जाते हैं ।

✦ उनकी कविता में गहरी सामाजिक चेतना प्रकट होती है ।

✦ कबीर शास्त्रीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभव को अधिक महत्व देते थे ।

iv) गुरु : रामानंद

v) भाषा : सधुक्कडी

vi) प्रमुख रचनाएँ : साखी, सबद और बीजक आदि ।

**(या)**

**आ) मैथिली शरण गुप्त :**

i) कवि का नाम : श्री मैथली शरण गुप्त

ii) जीवन काल : सन् 1886 - 1964

iii) विशेषता : ✦ भारतीय जीवन को समग्रता में समझने और प्रस्तुत करने का प्रयास किया ।

✦ संस्कृत, बाँग्ला, मराठी और अंग्रेजी पर इनका समान अधिकार था ।

iv) उपाधि : राष्ट्रकवि

v) भाषा : खडीबोली

vi) प्रमुख रचनाएँ : साकेत, यशोधरा, जयद्रथ वध आदि ।

**18. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (1 × 5 = 5)**

अ) 1892 में सेकसरिया का जन्म **नवलगढ़** शहर में हुआ ।

आ) सेकसरिया का अधिकांश जीवन **कलकत्ता** शहर में बीता ।

इ) **महात्मा गाँधी** के आह्वान पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया ।

ई) सेकसरिया जी **रवींद्रनाथ टाकुर,** महात्मा गाँधी और नेताजी सुभाष चंद्रबोस के करीब रहे ।

उ) भारत सरकार ने उन्हें 1962 में **पद्मश्री** से सम्मानित किया ।

## भाग - IV

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों में किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए ।**

**(6 × 4 = 24)**

- **लघु प्रश्न 8 में से 6 प्रश्नों के लिए अंक प्रदान करना होगा ।**
- **लघु प्रश्न के हर एक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित है । मूल्यांकन करते समय इस बात पर विशेष ध्यान रखें ।**
- **वैकल्पिक प्रश्नों की जाँच अवश्य करें और इन प्रश्नों के ऊपर ''अतिरिक्त'' लिखें ।**

19. कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।
ऐसैं घटि घटि रॉम है, दुनियाँ देखै नाँहिं ।।

**20. कवि के अनुसार उदार व्यक्ति कौन है ?**

- उदार व्यक्ति परोपकारी होता है ।
- वह हमेशा दूसरों की चिंता करता है ।
- वह सबसे प्रेम और आत्मीयता की बातें करता है ।
- वह भेदभाव नहीं दिखाता ।
- हमेशा ऐसा सोचता कि यदि समाज का भला हो तो उसका भी भला होगा ।

**21. कर चले हम फ़िदा गीत में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है ?**

✦ दुल्हन को लाल पोशाक पहनाकर सजाया जाता है ।

✦ इसी तरह सैनिकों ने अपना खून बहाकर धरती को लाल कर दिया ।

✦ सैनिकों के खून से लथपथ धरती दुल्हन की तरह दिखने लगी ।

✦ इसलिए इस गीत में धरती को दुल्हन कहा गया है ।

**22. पुलीस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ?**

**उ)** ✦ पुलीस कमिश्नर के नोटिस निकाला था कि कोई सभा नहीं हो सकती ।

✦ सभा में भाग लेने वालों को दोषी समझा जाएगा ।

✦ इधर कौंसिल की तरफ से नोटिस निकाला गया था । मोनुमेंट के नीचे 4 : 24 पर झंडा फहराया जाएगा और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी ।

✦ सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए ।

**23. वामीरो ने तताँरा को बेरूखी से क्या जवाब दिया ।**

**उ)** ✦ वामीरो ने ततॉंरा को बेरूखी से जवाब दिया कि पहले बताओ ! तुम कौन हो ?

✦ इस तरह मुझे घूरने और असंगत प्रश्न पूछने का कारण क्या है ?

✦ अपने गाँव के अलावा किसी और गाँव के युवक के प्रश्नों का उत्तर देने को मैं बाध्य नहीं ।

**24. वजीर अली के अफसाने सुनकर कर्नल को राँबिन हुड की याद क्यों आ जाती थी ?**

**उ)** ✦ वजीर अली राँबिन हुड की तरह अंग्रेजों के पकड़ में नहीं आता था ।

✦ वह भी राँबिन हुड के समान बहादुर था ।

✦ वजीर अली के कारनामे सुनकर कर्नल को राँबिन हुड की याद आ जाती थी ।

**25. हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ?**

**उ)** ✦ महंत और हरिहरकाका के भाई स्वार्थी थे ।

✦ हरिहर काका निस्संतान थे ।

✦ हरिहर काका के भाईयों ने उनकी जमीन देने के लिए दबाव डाला ।

✦ उन्हें मार पीट कर अंगूठे के निशान ले लिए ।

✦ महंत ने अपनी मीठी बातों से जमीन को ठाकुरबारी के नाम लिखवा लेना चाहता था ।

✦ महंत ने काका का अपहरण कर अंगूठे के निशान ले लिए ।

इसीलिए हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के लगने लगे ।

**26. पीटी साहब की ''शाबाश'' फौज के तमगों - सी क्यों लगती थी ? स्पष्ट कीजिए ।**

**उ)** ✦ पाठशाला के पीटी साहब का नाम प्रीतमचंद था ।

✦ सभी लड़के पीटी साहब से बहुत डरते थे ।

✦ वे कठोर स्वभाव के थे ।

✦ यदि कोई लड़का गलती करता तो उसकी ओर बाघ की तरह झपट पडते ।

✦ उनकी एक 'शाबाशी' ऐसे लगती जैसे हमने किसी फौज के सभी तमगे जीत लिए हो ।

**विशेष सूचना :** उपरोक्त प्रश्नों से संबंधित मूल बिन्दुओं को ध्यान में रखें । शैली एवं भाषा में अंतर आने पर भी (अभिव्यक्ति की भिन्नता होने पर भी) अंक प्रदान करें ।

## भाग - V

**V. निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**27. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ पंक्तियों में लिखिए ।** $(1 \times 8 = 8)$

**अ) पद कविता के आधार पर मीराबाई की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ?**

**उ) कवयित्री :** मीराबाई

**भाषा :** राजस्थानी, ब्रज

**ग्रंथ :** मीरा की पदावली

- ✦ मीरा कृष्ण भक्ति शाखा की कवयित्री है ।
- ✦ मीराबाई का जन्म 1503 में जोधपुर के चोकड़ी गाँव में हुआ ।
- ✦ मीरा के काव्य का प्रमुख स्वर कृष्ण प्रेम है ।
- ✦ मीरा श्रीकृष्ण को अपना संरक्षक माना । वह कृष्णभक्ति में रहकर अपनी रक्षा करने के लिए अनुरोध करती है ।
- ✦ जिस तरह से द्रौपदी, प्रहलाद, ऐरावत को कष्टों से बचाया, वैसे ही अपनी रक्षा का भार लेने के लिए अनुरोध करती है ।
- ✦ मीरा श्रीकृष्ण की सेविका बनकर, बाग-बगीचे लगाने की, नित्य दर्शन करने की , श्रीकृष्ण के लीलाओं को गाने की चाह प्रकट की ।
- ✦ मीरा श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन करती हुई कहती है, श्रीकृष्ण माथे पर मोर का मुकुट और पीले वस्त्रों से सुशोभित है ।
- ✦ वे गले में वैजयंती माला पहनकर, बृंदावन में गाय चराते मुरली बजाते हैं ।
- ✦ श्रीकृष्ण आधी रात के समय यमुना के किनारे दर्शन देने आयें । मीरा के प्रभु अत्यंत चतुर हैं ।
- ✦ मेरा मन आपसे मिलने बहुत व्याकुल है । आप अवश्य अपना दर्शन दें ।

  इस प्रकार मीरा अपने प्रभु के दर्शन पाना चाहती हैं ।

**आ) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के माध्यम से कवि ने प्रकृति का वर्णन किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए ।**

**उ) कवि :** सुमित्रानंदन पंत

**रचनाएँ :** वीणा, ग्रंथि, पल्लव, चिदंबरा

**पुरस्कार :** साहित्य अकादमी पुरस्कार, सोवियत रूस तथा ज्ञानपीठ

- ✦ पर्वत प्रदेश में प्रकृति हर पल बदलती रहती है ।
- ✦ गोलाकार पर्वतों पर हजारों फूल खिले हैं ।
- ✦ पर्वत अपने फूल रूपी आँखों से दर्पण रूपी तालाब में अपने को देख रहा है ।
- ✦ झरने पर्वतों की उच्चता का गुण गान कर रहे हैं ।
- ✦ पर्वतों से वृक्ष आकाश की ओर अपलक देख रहे हैं ।
- ✦ अचानक काले बादलों से अंधकार छा जाता है ।
- ✦ केवल झरनों की आवाज सुनाई देती है ।
- ✦ शाल वृक्ष भी धरती में समा गए ।
- ✦ इंद्र बादल रूपी विमान में बैठकर इंद्रजाल दिखा रहे हैं ।

**विशेषता :** इस कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है ।

28. **किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ पंक्तियों में लिखिए ।** (1 × 8 = 8)

**अ) ''बडे भाई साहब'' पाठ के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? स्पष्ट कीजिए ।**

**उ) लेखक :** प्रेमचंद

**रचनाएँ :** उपन्यास (गबन, गोदान, निर्मला आदि) कहानियाँ (कफन, ठाकुर का कुँआ आदि)

**विख्यात :** उपन्यास सम्राट

- ✦ बड़े भाई छोटे भाई को अनुशासित बनाए रखना चाहते हैं ।
- ✦ बड़े भाई चौदह वर्ष और लेखक नौ वर्ष के थे । दोनों में केवल तीन दरजे का अंतर था ।
- ✦ बड़े भाई लेखक को डाँटना और उस पर निगरानी रखना अपना धर्म समझते थे ।
- ✦ लेखक का मन पढ़ाई में बहुत कम लगता था । मौका पाते ही दोस्तों से गप्पे मारते, झूलने का मजा उड़ाते । फिर भी कक्षा में अव्वल आता था ।

- ✦ बड़े भाई ने दरजे बढ़ने से अंग्रेजी, जामेंट्री सीखने में उत्पन्न होनेवाली कठिनाई अपने भाई को खूब समझाया । भाई की बातें सुनकर वह टाइम-टेबल बनाता लेकिन खुला मैदान याद आते ही खेलने दौडता ।
- ✦ बड़े भाई कहते हैं, समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती, दुनिया देखने से आती है ।
- ✦ संध्या समय में हॉस्टल से दूर मैदान में कनकौआ पकड़ने बालकों की पूरी सेना टूट पड़ी, लेखक भी उनके साथ दौड पड़ा ।
- ✦ कनकौआ पकड़ते समय लेखक अपने भाई को देखकर हताश हो गया । बडे भाई के अनुभवपूर्ण सलाह से लेखक के मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई ।
- ✦ संयोग से कटी कनकौआ ऊपर से गुजरते समय, बडे भाई उछलकर डोर पकड़कर अपनी इच्छा भी पूरी की ।

  इस तरह बडे भाई छोटे भाई को जीवन का सार समझाया ।

**आ) जीवन में कौन से मूल्य शाश्वत है ? गिन्नी का सोना पाठ के द्वारा समझाइए ?**

उ) **लेखक परिचय :** रवींद्र केलेकर का जन्म 7 मार्च 1925 को कोंकण क्षेत्र में हुआ ।

**रचनाएँ :** पतझर में टूटी पत्तियाँ, जापान जैसा दिसला, समिधा, ओथाम्बे ।

- ✦ गिन्नी का सोना वैचारिक निबंध है । इसमें आदर्श और व्यवहार के बीच संतुलन की बात बतायी गयी ।
- ✦ गिन्नी का सोना जीवन में अपने लिए सुख-साधन जुटाने वालों से नहीं, बल्कि उन लोगों से परिचित कराता है, जो इस जगत को जीने और रहने योग्य बनाए है ।
- ✦ शुद्ध सोना और गिन्नी के सोने में अंतर होता है । गिन्नी के सोने में तांबे की मिलावट होती है । इसलिए इसमें चमक और मजबूती अधिक होती है ।
- ✦ शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने जैसे होते हैं ।

- ✦ कुछ लोग आदर्शों में व्यावहारिकता का ताँबा मिलाकर चला देते हैं ऐसे लोगों को प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट कहते हैं ।
- ✦ गाँधीजी व्यवहारिकता को जानते हैं । उन्होंने व्यवहार पर बल दिया और उसे आदर्शों की तरह ऊपर उठाने का प्रयास किया ।
- ✦ व्यवहारवादी लोग हमेशा जागरूक रहते हैं । व्यवहारवादी लोग लाभ-हानि का हिसाब लगाकर चलते हैं और अपनी ही उन्नति करते हैं । परंतु आदर्शवादी स्वयं ऊँचे उठकर औरों को भी ऊँचे उठाते हैं ।
- ✦ समाज में शाश्वत मूल्य केवल आदर्शवादियों के पास होते हैं ।
  इसलिए आदर्शवादी हमेशा पूजनीय है ।

## भाग - VI

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **(1 × 8 = 8)**

**अंक विभाजन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्थान | 1 | अंक |
| 2. | दिनांक | 1 | अंक |
| 3. | संबोधन | 1 | अंक |
| 4. | पता | 1 | अंक |
| 5. | भाषा एवं विषय की अनुकूलता | 4 | अंक |
| | **कुल** | 8 | अंक |

**30. निम्न लिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 10 पंक्तियों में निबंध लिखिए ।**

**(1 × 10 = 10)**

| | | |
|---|---|---|
| अ) प्रस्तावना / भूमिका | 2 | अंक |
| आ) विषय विस्तार, विषय विश्लेषण | 4 | अंक |
| इ) मौलिक भाषा | 2 | अंक |
| ई) उपसंहार | 2 | अंक |
| **कुल** | 10 | अंक |

✦ **(शिक्षकों, कृपया विद्यार्थियों को अंक देने में लापरवाही न करें ।)**

✧✧✧✧